सुविचार

जीवन में प्रयास सदैव कीजिए, लक्ष्य मिले या अनुभव दोनो ही अमूल्य हैं।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

YP24 NEWS

FREEDOM OF SPEECH

जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-49 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 12 जनवरी 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## किसी विषैली दवा को लापरवाही से रखना कब दण्डनीय अपराध होता है जानिए/legal advice

हम अक्सर साप्ताहिक बाजारों में देखते हैं की बहुत से लोग चूहा मार, मच्छर मार, या जीवजंतु मार आदि दवाईयां को खुले में रखकर सेल करते हैं जो मानव जीवन की जिंदगी के लिए एक खतरा हो सकता है,लेकिन इस तरह से खुले में विषैली दवा को बेचने वाले के खिलाफ एक गंभीर अपराध बन सकता है जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 284 की परिभाषा ?

जो कोई व्यक्ति किसी विषैले पदार्थ को उपेक्षा पूर्ण या लापरवाही से रखेगा जिससे मानव जीवन को संकट उत्पन्न होने की संभावना हो तब ऐसे विषैले पदार्थ बेचने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता 284 के अंतर्गत संज्ञेय अपराध दर्ज होगा।

### भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 284 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान ?

इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है सजा- इस धारा के अपराध के लिए अधिकतम छः माह की कारावास या एक हजार रुपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## पागल व्यक्ति की जमानत कब ओर कौन ले सकता है जानिए/CrPC....

जब कोई आरोपी पागल होता है तब मजिस्ट्रेट इसकी की पुष्टि के लिए उसकी जाँच सिविल सर्जन डॉक्टर से करवाता है अगर आरोपी पागल नहीं होता है तो उसका विचारण मजिस्ट्रेट सामान्य आरोपी की तरह करेगा। लेकिन अगर आरोपी पागल होता है तो मजिस्ट्रेट उसका इलाज करवाने के लिए चिकित्सलाय भेज देगा। क्या पागल व्यक्ति को मजिस्ट्रेट जमानत पर भी छोड़ सकता है जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 328 की उपधारा 2 की परिभाषा?

जब कभी पागल या विकृतचित व्यक्ति की परीक्षा या जाँच में लंबित समय लगता है तब मजिस्ट्रेट दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 330 की उपधारा 1 के अनुसार मजिस्ट्रेट विकृतचित व्यक्ति को जमानत दे सकता है।

**दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 330 की उपधारा (1) क्या कहती है जानिए-** जब कोई व्यक्ति विकृतचित या मानसिक रोग से ग्रस्त हैं और वह अपनी प्रतिरक्षा नहीं कर पा रहा है तब न्यायालय द्वारा उसकी जमानत ली जा सकती है एवं मजिस्ट्रेट उसको छोड़ने के आदेश भी दे सकता है। परन्तु ये तभी होगा जब विकृतचित(पागल) व्यक्ति इतना पागल नहीं है की उसका उपचार अनिवार्य है तब उसके मित्र या संबंधी को यह वचन देना होगा की विकृतचित व्यक्ति किसी व्यक्ति को कोई क्षति या हानि नहीं पहुचायेगा।

# प्रत्येक हकदार को सरकारी योजना का लाभ पहुँचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्यः पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** सभी देशवासियों को आदरपूर्वक मेरा नमस्कार! 2-3 दिन पहले ही विकसित भारत संकल्प यात्रा ने अपने 50 दिन पूरे किए हैं। इतने कम समय में इस यात्रा से 11 करोड़ लोगों का जुड़ना, ये अपने आप में अभूतपूर्व है। समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है, सपनों की यात्रा बन चुकी है, संकल्पों की यात्रा बन चुकी है, भरोसे की यात्रा बन चुकी है और इसलिए तो उसे मोदी की गारंटी वाली गाड़ी बड़े भाव से आज देश का हर क्षेत्र, हर परिवार, अपने बेहतर भविष्य की उम्मीद के रूप में ये गारंटी वाली गाड़ी देख रहा है। इस यात्रा को लेकर गांव हो या शहर, हर जगह उमंग है, उत्साह है, विश्वास है। मुंबई जैसा महानगर हो या मिजोरम का दूर-सुदूर का गाँव, कारगिल के पहाड़ हों या फिर कन्याकुमारी का समुद्री तट, देश के कोने-कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है। जिन गरीब लोगों का जीवन सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के इंतजार में बीत गया, वो आज एक सार्थक बदलाव देख रहे हैं। किसने सोचा था कि कभी सरकारी कर्मचारी, सरकारी अफ़सर, ये बाबू और ये नेता लोग खुद गरीब के दरवाजे पर पहुंचकर पूछेंगे कि आपको सरकारी योजना का लाभ मिला या नहीं मिला?

लेकिन ये हो रहा है और पूरी ईमानदारी से हो रहा है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के साथ, सरकारी दफ्तर, जनप्रतिनिधि, देशवासियों के पास, उनके गांव-मोहल्ले पहुंच रहे हैं। अभी जिन लोगों से मेरी बात हुई है, उनके चेहरे पर भी इसका संतोष दिख रहा है। आज देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी मोदी की गारंटी की बहुत चर्चा हो रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ से की सौजन्य भेंट



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के विकास के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## पीएम यशस्वी छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की

**राजगढ़।** पीएम यशस्वी योजना अंतर्गत जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के पिछडा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु पीएम यशस्वी छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम 31 जनवरी 2024 है। सहायक संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत पिछडा वर्ग के पात्र विद्यार्थी पीएम यशस्वी योजना हेतु nsp.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

## इंदौर लगातार सातवीं बार सबसे स्वच्छ शहर के रूप में सम्मानित

### ● मध्यप्रदेश को मिला स्वच्छ राज्य श्रेणी का द्वितीय पुरस्कार




भोपाल। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में वर्ष 2023 का सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार इंदौर शहर को प्रदान किया। गार्बेज फ्री शहर में 7-स्टार रेटिंग के साथ इंदौर ने लगातार सातवीं बार यह उपलब्धि हासिल की है। सबसे स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में द्वितीय स्थान का पुरस्कार भी मध्यप्रदेश को प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में टीम मध्यप्रदेश ने पुरस्कार ग्रहण किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों, जनप्रतिनिधियों और स्वच्छता मित्रों को बधाई देते हुए उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इंदौर का लगातार सातवीं बार स्वच्छता के शिखर पर पहुंचने का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश स्वच्छता के संकल्प को साकार करने में निरंतर अपना योगदान देता रहेगा और आशा व्यक्त कि की आगामी सर्वेक्षण में प्रदेश और बेहतर प्रदर्शन करेगा। प्रदेश में स्वच्छता के प्रयासों से 7 शहरों को वाटर प्लस, 361 शहरों को ओडीएफ++, 3 शहरों को ओडीएफ+ और 7 शहरों को ओडीएफ दर्जा प्राप्त है। प्रदेश में एक 7-स्टार, एक 5-स्टार, 24 3-स्टार और 132 1-स्टार गार्बेज फ्री शहर है। कार्यक्रम में भोपाल शहर को स्वच्छ शहरों की सूची में गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रेटिंग के साथ पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश के 15,000 से 20,000 जनसंख्या वाले शहरों में बुधनी को पश्चिम जोन के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। एक लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों में नौरोजाबाद और अमरकंटक को फास्ट मूविंग सिटी श्रेणी में प्रथम और द्वितीय स्थान मिला है।

### राज्यपाल द्वारा परी बाज़ार हेरीटेज फेस्टिवल सीजन-4 का शुभारम्भ

## दिल और दिमाग़ के अद्भुत समन्वय से सृजित होता है हस्तशिल्पः श्री मंगुभाई पटेल




**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि हस्तशिल्प का सृजन दिल और दिमाग़ के अद्भुत समन्वय का परिणाम होता है। परी बाज़ार में देश भर के उत्कृष्ट कलाकारों के शिल्प के प्रदर्शन का अवसर देना सराहनीय है। उन्होंने नागरिकों का आव्हान किया कि स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन के लिए वोकल हो। श्री पटेल बेगम्स ऑफ भोपाल लेडीज क्लब के तत्वावधान में आयोजित परी बाज़ार के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गौहर महल परिसर में परी बाज़ार का शुभारम्भ किया। राज्यपाल श्री पटेल ने सभी से आग्रह किया कि बाज़ार घूमने के लिए आये तो यहाँ से कुछ ना कुछ ज़रूर ख़रीदे। इससे स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने दस्तकारों, हुनरमंद कारीगरों को मंच देने के भोपाल लेडीज़ क्लब के प्रयासों को सार्थक बताया। श्री पटेल ने भोपाल लेडीज़ क्लब द्वारा भारत के एकमात्र महिला बाज़ार को पुनर्जीवित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आयोजन के लिए परी बाज़ार की पूरी टीम को बधाई दी। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का कार्य चल रहा है। स्व सहायता समूह की गतिविधियों ने महिलाओं के जीवन में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता प्रदान की है। अब महिलाएँ आर्थिक रूप से स्वतंत्र होकर आगे बढ़ रही है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा है कि भोपाल शहर गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल रहा है। यह समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परम्पराओं का मिलन स्थल है। सुल्तान जहाँ बेगम ने अनेक लोकहित कार्यों के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देने परी बाज़ार की स्थापना की थी। यह उनका अभिनव और अद्वितीय प्रयास था। राज्यपाल श्री पटेल का कार्यक्रम के प्रारंभ में स्मृति चिन्ह और खादी के परिधान भेंट कर अभिनंदन किया गया।

## कमिश्नर कार्यालय सभागार में पुलिसकर्मियों को थानों में लगे CCTV कैमरों के रखरखाव, संचालन आदि का प्रशिक्षण दिया गया




**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

मंगलवार 9 जनवरी को कमिश्नर कार्यालय सभागार में भोपाल के थानों व चौकियों में स्थापित CCTV कैमरो में एवं सिस्टम के रखरखाव, संचालन एवं सिस्टम आने वाली समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने हेतु टिकट पोर्टल का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। टेक्निकल टीम द्वारा कैमरे के बंद होने LED बंद होने, UPS मे ख़राबी, रिकॉर्डिंग मे आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही SER I'D एवं पासवर्ड दिया गया तथा फुटेज कैसे निकाले जाते है इस बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ACP रेडियो किशोर खड़कोतकर, प्रभारी नगर नियंत्रण मनोज बैस, CCTV प्रभारी आनंद वर्मा एवं सभी थानों के लगभग 70 पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।

## खनिज माफिया के हमले में घायल डिप्टी रेंजर के स्वास्थ्य की जानकारी लेने वन मंत्री पहुँचे एम्स घटना के दोषियों को मिलेगी कड़ी सजा



**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

वन मंत्री नागर सिंह चौहान खनिज माफिया के हमले से घायल डिप्टी रेंजर लाल सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी लेने एम्स अस्पताल पहुँचे। मंत्री चौहान ने संबंधित चिकित्सकों से लाल सिंह का समुचित उपचार करने का आग्रह किया। मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख भी उनके साथ थे। वन मंत्री चौहान ने डिप्टी रेंजर लाल सिंह की पत्नी से भी बात की और हर प्रकार की मदद करने का आश्वासन दिया। मंत्री चौहान ने वन अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाल सिंह के उपचार में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य में प्रगति से अवगत करायें। उल्लेखनीय है कि रायसेन जिले के सांचेत के पास ग्राम हकीमखेड़ी में शनिवार दोपहर अवैध खदानों का रास्ता बंद करवाने पहुँची वन विभाग टीम पर खनिज माफिया ने जानलेवा हमला कर दिया था। इस हमले में डिप्टी रेंजर लालसिंह पूर्वी गंभीर रूप से घायल हुए। लाल सिंह एम्स हास्पिटल में ट्रामा सेंटर में भर्ती है। खनिज माफिया के विरूद्ध एफआईआर की गई थी, जिसमें से 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। चौहान ने कहा कि घटना के जिम्मेदार को कड़ी सजा दिलाई जायेगी।

## जनसमस्या का निराकरण शीघ्र हो,लापरवाही बर्दाश्त नहीं,नवागत कलेक्टर ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

**भोपाल। रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**




भोपाल के नये कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी जिलाधिकारियों के साथ परिचय बैठक की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह, नगर निगम कमिश्नर  नोबल फ्रेंक ए, एडीएम भूपेन्द्र गोयल, हरेन्द्र नारायण सहित सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे । नवागत कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी अधिकारियों से संक्षिप्त परिचय लेकर उनके विभागों में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयों में आने वाले सभी आवेदकों के आवेदन पर जिम्मेदारी के साथ कार्यवाही कर समय सीमा में निराकरण कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा कि किसी आवेदक को परेशान नहीं होना चाहिए, हम लोकसेवक है आमजन की समस्या का निराकरण करना हमारा कर्तव्य है । पात्र हितग्राही किसी योजना से वंचित न रहे। प्रतिदिन आने वाले आवेदनों को स्वयं गंभीरतापूर्वक पढ़कर यथा संभव निर्णय करें। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## विधानसभा को अत्याधुनिक संसाधनों से लेस किया जाए

**विधानसभा अध्यक्ष की ई-विधानसभा की मांग**




भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष विधानसभा में ई-विधान व्यवस्था की मांग की, जिस पर डॉ यादव ने इस दिशा में सरकार के पूरे समर्थन का आश्वासन दिया। नरेंद्र सिंह तोमर विधानसभा में मध्यप्रदेश विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भी संबोधन हुआ। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ यादव से अनुरोध किया कि राज्य विधानसभा में ई-विधान की व्यवस्था हो, इससे जुड़ी परियोजना सरकार के पास विचाराधीन है, जो मंजूर हो जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि विधायकों के निवास की नई परियोजना को भी सरकार द्वारा लिया जाए । इस पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने संबोधन के दौरान ई-विधान व्यवस्था के संबंध में कहा कि सरकार इसमें पूरा सहयोग करेगी। इसके लिए जो राशि होगी, वो सरकार देने के लिए तैयार है।  इसके साथ ही उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, %%मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष माननीय नरेन्द्र सिंह तोमर ने विधानसभा को आधुनिक संसाधनों के साथ आगे बढ़ाने की जो बात कही है, मैं विश?वास दिलाता हूं कि मध?यप्रदेश सरकार आपकी बात का पूर्ण समर्थन करते हुए हमेशा आपके साथ खड़ी रहेगी।%%एमएलए रेस्ट हाउस के प्रस्ताव पर डॉ यादव ने कहा कि सरकार सभी विधायकों को उसकी सुविधा देने का प्रयास करेगी।

## सामाजिक परिवर्तन युवा संगठन ने माता सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई



**कमलेश नरवरिया**

सिलारी कला/उदयपुरा। सामाजिक परिवर्तन युवा संगठन के तत्व धान मे ग्राम सिलारी कला तहसील उदयपुरा मे दिनाक 8/1/2024 को देश की प्रथम भारतीय महिला शिक्षिका विद्या की देवी माता सावित्री बाई फूले की जयंती का आयोजन किया गया. सर्व प्रथम माता सावित्री बाई फूले के छाया चित्र पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया  सामाजिक परिवर्तन युवा संगठन के जिला अध्यक्ष श्री सीता राम चौधरी जी ने सावित्री बाई फूले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा महिलाओ के उत्थान के लिए, उनके सम्मान की लडाई जीवन लड़ती रही हमे उनकी विचार धारा को हर घर पहुचना है. हमे समाज के सभी बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना है. अन्य उपस्थिति अतिथियों ने भी बहुजन समाज के संत महापुरुषो की बिचार धारा पर प्रकाश डालते हुए समाज को एक ुट हो कर रहने की बात कही। बालक, बलिकाओ ने माता सावित्री बाई फूले जी के जीवन पर आधारित नाटक, नृत्य प्रस्तुत किये तथा महिलाओ ने भी अपनी बात रखी कार्यक्रम मे संकड़ो लोग उपस्थित रहे संचालन राकेश अहिरवार जी ने किया कार्यक्रम में उपस्थित - संतोष, विजय, रामलाल, बद्दु, बसंत, ठेकेदार छिन्गा लाल, रामसिंह, तुलसी राम, मुनीम, परम लाल, कैलाश, रामदास, महिमा, शिखा, मंजू, राखी, कमल, नेहा, सरोज, कालिया, लक्ष्मण सिंह चौधरी विशेष सहयोगी आदि ।





आज मा श्री राजेंद्र शुक्ला, उपमुख्यमंत्री ,मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निज निवास पर मैत्री पूर्वक भेंट इस अवसर पर आशीर्वाद स्वरूप भगवान बुद्ध की पावन बुद्धरुप देते हुए और 28 जनवरी 2024 को 8वें अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध मेला में पधारने का निमंत्रण स्वीकार किया। इस अवसर बौद्ध धम्मगुरू भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो, सुनील पांडे ,उपाध्यक्ष -भोपाल विकास प्राधिकरण, मुकुल लोखंडे, सिद्धार्थ सोनोने, धनंजय जांभूलकर, राहुल पाटील उपस्थित थे।

# डॉ. अम्बेडकर समग्र समाज कल्याण महासंघ ने मूलचंद मेधोनिया को किया सम्मानित






डॉ. अम्बेडकर समग्र समाज कल्याण महासंघ
"देशम्"
"देशम् नवचेतना पंचम संस्करण-2024"
सम्मान पत्र
श्री मूलचन्द मेंधोनिया
ने नवचेतना पत्रिका में अमूल्य साहित्यिक योगदान दिया है।
आपके सामाजिक चेतना हेतु उत्कृष्ट साहित्यिक सृजनात्मक रचना के लिए 'डॉ. अंबेडकर समग्र समाज कल्याण महासंघ (देशम्)' के द्वारा यह सम्मान पत्र दिया जा रहा है।
देशम् नवचेतना साहित्यिक मंच आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। आशा करता है कि आपकी साहित्य साधना अनवरत चलती रहे।
गोकुल दास मंडलोई, प्रधान संपादक, देशम् नवचेतना | गोविन्द गहरवाल, संयोजक, देशम् नवचेतना | रामस्वरूप निमोरे, महासचिव, देशम् | डॉ. अनीता तिलवारी, कार्यकारी अध्यक्ष, देशम् | जमना प्रसाद गनोते, अध्यक्ष, देशम्

**भोपाल।** अनुसूचित जाति/जनजाति संयुक्त एकता महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी, सतगुरु संत रविदास कल्याण फाऊंडेशन भारत एवं अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन मध्यप्रदेश आदि सामाजिक संगठनों में प्रेस मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे वरिष्ठ पत्रकार मूलचंद मेधोनिया जो कि अनुसूचित जाति के एकमात्र मध्यप्रदेश में आजादी के आंदोलन में अंग्रेजी सेना से युद्ध लडकर विजय प्राप्त करने वाले शहीद के सुपौत है। जो कि निरंतर सृजनात्मक कायों को कर कलम के माध्यम से सामाजिक सरोकारों की मुखर आवाज बुलंद करते है। जिन्हें देशम नवचेतना पंचम संस्करण 2024 सम्मान हेतु इनके साहित्यिक योगदान और रचना प्रकाशित होने पर डॉ. अम्बेडकर समग्र समाज कल्याण महासंघ के द्वारा सम्मानित किया गया है। जिनके सम्मानित होने पर विभिन्न सामाजिक संगठन, संघ, संस्थाओं के प्रमुख पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में उनके साथी पत्रकारों ने मेधोनिया को बधाई व शुभकामनाएं दी। देशम ने भी मूलचंद मेधोनिया के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की सभी को मूलचंद ने आभार प्रकट किया।



# शासकीय हाई स्कूल खटपूरा में सूर्य नमस्कार किया गया



**शाहगंज।** शासकीय हाई स्कूल खटपूरा में! आज युवा दिवस के अवसर पर स्कूल के छात्रों द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया शाला प्रभारी श्री घनश्याम प्रजापति ने बच्चों को सूर्य नमस्कार करवाया इस आयोजन में शाला शिक्षक श्री महेश पालीवाल, श्री गिरजा शंकर पांडे, श्री रामभरोस वर्मा, श्री योगेश हनवत ,श्री मती ज्योति अहिरवार, श्रीमती कीर्ति अहिरवार, कु.नाज़मीन फातिमा, अरविंद अहिरवार, बालकराम अहिरवार उपस्थित रहे।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम पंचायत उड़दमऊ

**सुल्तानपुर संवाददाता हेमंत शाक्या**

दिनांक 11जनवरी 2024 को ग्राम पंचायत उड़दमऊ में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जहां ग्राम पंचायत की मुखिया रीना संदीप राय सरपंच ओर ग्राम पंचायत समिति एवं ग्राम वासियों द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों का उत्साह पूर्वक स्वागत किया,यात्रा में जिला रायसेन से जिला अध्यक्ष बब्लू मीणा जी ओर नगर सुल्तानपुर से भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ता उपस्थित रहे।तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय उड़दमऊ के शिक्षक/शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों से प्रस्तुति दिलवाई जिसमें सरस्वती वंदना में दीपाली ओर वैष्णवी,डांस ताप्ती लोधी, सानिया पाल ,वैष्णवी, डांस कक्षा पहली से पांचवीं के पूरे विद्यार्थी नाटक में दुर्गा महावर,वन्दना महावर, दिव्या महावर, गुड़िया कर्पे, स्मिता धुर्वे, गायत्री मेहरा, वैष्णवी चौकसे, नवल किशोर महावर, नितेश उइके, हेमंत कोरी, शिवकांत नीरज कर्पे, राजू पूर्वी, समीर पूर्वी, सुनील लोधी,अमित धाकड़ की सुन्दर प्रस्तुति दी।




# ग्राम पंचायत समिति एवं ग्राम वासियों द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों का उत्साह पूर्वक स्वागत किया

**सुल्तानपुर संवाददाता हेमंत शाक्या**






ग्राम पंचायत खमरिया सोहनपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जहां ग्राम पंचायत की मुखिया सेवंती संतोष शाक्या सरपंच ओर ग्राम पंचायत समिति एवं ग्राम वासियों द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों का उत्साह पूर्वक स्वागत किया,यात्रा में जिला रायसेन से जिला अध्यक्ष बब्लू मीणा जी ओर नगर सुल्तानपुर से भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ता उपस्थित रहे।तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय उड़दमऊ के शिक्षक/शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों से प्रस्तुति दिलवाई जिसमें सरस्वती वंदना , स्वागत गीत,डांस कक्षा पहली से पांचवीं के पूरे विद्यार्थियों ने नाटक की सुन्दर प्रस्तुति दी। उसके बाद जिला अध्यक्ष द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की सपत दिलवाई।

# 12 जनवरी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन

**रायसेन संवाददाता हेमंत शाक्या**

रायसेन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने युवा दिवस के उपलक्ष में मैराथन दौड़ का आयोजन किया है 12 जनवरी सुबह 7÷00 बजे स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय रायसेन से जिला खेल परिसर (स्टेडियम) रायसेन तक मैराथन दौड़ प्रारंभ हुई,विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अश्वनी पटेल ने बताया कि मैराथन दौड़ में आने वाले विजेताओं को प्रथम पुरुस्कार 2100, द्वितीय पुरस्कार 1100,तृतीय पुरस्कार 500 एवं टॉप 10 को मेडल दिया जाएगा विद्यार्थी परिषद ने सभी युवाओं से आग्रह किया है कि इस मैराथन दौड़ में शामिल होकर समस्त जिले वासियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इसमें समस्त अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।



# सुहागपुर ने बादशाह 11 शहडोल को 19 रनों से शिकस्त देकर ट्रॉफी में किया कब्जा

## स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह पूर्व राज्यपाल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन



कैलाश कुमार - सह संपादक

शहडोल। शहडोल जिले के बुढार कृषि उपज मंडी ग्राउंड मैदान में चल रहे स्वर्गीय कृष्णपाल सिंह पूर्व महामहिम स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का अंतिम एवं फाइनल मैच सुहागपुर एवं बादशाह 11 शहडोल के मध्य 15 =15 ओवरों का रोमांचक मैच खेला गया। टॉस जीत कर धुआंधार बैटिंग करते हुए सुहागपुर ने 167 रन का विशाल स्कोर रखा। जवाबी पारी खेलते हुए बादशाह 11 शहडोल ने 148 रन बना कर देर हो गई इस प्रकार सुहागपुर ने 19 रनों से बादशाह 11 शहडोल को शिकायत देकर स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बनी। मैन ऑफ द मैच रामेश्वर रहे जिन्होंने 30 गेंद में 71 रन का योगदान दिया जबकि मैन ऑफ दी सीरीज का खीताब जमील आईया के सिरबंधा। विजेता टीम को 51 000 हजार नगद रुपए एवं चमचमाती ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 25 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी एवं टूर्नामेंट को सफल बनाने वाले सभी को अतिथियों के कार्यक्रमों द्वारा प्रदान की गई। स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह पूर्व राज्यपाल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभाष गुप्ता रहे जबकि अध्यक्षता पूर्व एसडीएम रमेश सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भानू दीक्षित राजेश चमडिया अनिल सिंह अन्नू पार्षद हर्ष पाठक मोश्‍ इश्तियाक खान शरद तिवारी अजय अवस्थी रहे मंगेश गुप्ता रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने स्वर्गीय कृष्ण पाल सिंह की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया वहीं आयोजन समिति ने उनका माल्यार्पण से स्वागत किया। अतिथियों के साथ आयोजन समिति के प्रवीण सिंह अभिषेक सिंह ने अपने विचार व्यक्त किया। संचालन मोश्‍ शाहिद चीनी ने जबकि आभार प्रदर्शन शुभम द्विवेदी द्वारा किया गया। राजकुमार गुप्ता रंजन पांडे मनीष सिंह केएल लहंगिर गंगाराम पाठक विजय कुमार ताम्रकार विजय गुप्ता मोहम्मद कम मकसूद संदीप तिवारी अन्नू बारी सूरज गुप्ता मदन प्रजापति योगेन्द्र सिंह रविंद्र सिंह शाहिद खान जुबेर खान आगा खान एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं दर्शन भारी संख्या में मौजूद रहे।

# मोदी की गारंटी विकसित भारत संकल्प यात्रा का बुढार में आयोजन, कई हितग्राही लाभान्वित

**कैलाश कुमार - सह संपादक**

शहडोल जिले के श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण बुढार में बुढार नगर पंचायत परिषद के तत्वाधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी पहुंची जहां कई हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। विधायक जय सिंह मरावी के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री दीपक शर्मा पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष अनिल सिंह अन्नू पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष ललन सिंह भाजपा नेता दौलत मनमानी भाजपा मंडल अध्यक्ष कामाख्या नारायण राय पार्षद श्रीमती सुमित्रा नामदेव श्रीमती सविता सिंह श्रीमती रश्मि सिंह श्रीमती जूली रजक श्रीमती मालती जितेंद्र यादव श्रीमती वर्मा सीएमओ सिंह के विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत परिषद की लोकप्रिय अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सराओगी की अध्यक्षता में गरिमामई वातावरण में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने भारत माता की छायाचित के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। नगर पंचायत परिषद की लोकप्रिय अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने हितग्राहियों को मिलने वाली लाभ का विस्तार से प्रतिवेदन अवगत कराया और कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र दामोदर मोदी जी जरूरतमंदों और अंतिम छोर के व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के दृष्टिकोण से भारत विकसित संकल्प यात्रा निकल गई है जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति शासकीय योजनाओं से वंचित न रहे। इसके पूर्व बच्चों द्वारा एक से भारतीय संस्कृति की वेशभूषा में मनोहरी रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर अतिथियों का मन मोह लिया। विधायक जय सिंह मरावी ने दीक्षित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य पर रोशनी डालते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सभी वर्गों के कल्याण के लिए इस यात्रा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है आज नगर पंचायत परिषद बुढ़ार में मोदी की गारंटी विकसित भारत संकल्प यात्रा में आपार समूह को देखकर ऐसा लगता है कि नगर पंचायत परिषद अमला पूरी जिम्मेदारी के साथ नगर पंचायत परिषद की लोकप्रिय अध्यक्ष श्रीमती शालिनी के नेतृत्व में पात्र ग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। विधायक श्री मरावी ने केंद्र एवं राज्य की सभी योजनाओं पर रोशनी डाली और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए मार्गदर्शन किया। तत्पश्चात दीक्षित भारत संकल्प यात्रा को साकार करने की शपथ दिलाई गई। मंच का सफल संचालन श्री कृष्ण गुप्ता ने जबकि आभार प्रदर्शन भाजपा मंडल अध्यक्ष कामाख्या नारायण राय द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत परिषद अमला भाजपा पदाधिकारी व्यापारी गणमन नागरिक महिला शक्ति भारी संख्या में मौजूद रहे।




# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चंद्रपुर का शिविर एवं शारीरिक प्रधान कार्यक्रम संपन्न

**सुल्तानपुर संवाददाता हेमंत शाक्या**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला रायसेन अंतर्गत खंड चंद्रपुर का शीतकालीन सिविल व खंड का शारीरिक प्रधान कार्यक्रम दिनांक को 7 जनवरी दिन रविवार को चंद्रपुर में संपन्न हुआ कार्यक्रम में चंद्रपुर खंड के अंतर्गत आने वाले सभी 10 मंडल से संघ के स्वयंसेवक तथा शाखों से अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया शुगर में शारीरिक प्रधान कार्यक्रमों का अभ्यास हुआ तथा 7 जनवरी को शारीरिक प्रकट कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नगर के गण मन नागरिक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक तथा माताएं बहनों को आमंत्रित किया गया था जिसमें नगर की माता बहनों तथा गणमाने नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित क्रांति अधिकारी श्री सोमकांत जी उमालकर प्रांत व्यवस्था प्रमुख द्वारा अपने उद्बोधन में संघ स्थापना की पृष्ठभूमि तथा संघ के द्वारा 1925 से लेकर अभी तक समाज के लिए किए गए कार्यक्रमों तथा कार्यों का संक्षिप्त में विवरण देते हुए बताया गया कि संघ की शाखों में स्वयंसेवकों को केवल खेल खेलना मात्रा नहीं सिखाया जाता बल्कि सज्जनों की सुरक्षा तथा माता बहनों की सुरक्षा का संस्कार भी स्वयंसेवकों को दिया जाता है संजय के द्वारा अपनी 98 वर्षों की इस यात्रा में समाज के लिए अनेक प्रकार के सेवा कार्यों का संचालन किया गया है उन्होंने पर्यावरण को लेकर भी अपने उद्बोधन में कहा कि सभी नागरिकों को प्रकृति का दोहन करना है ना की प्रकृति का शोषण करना है हम सभी को पर्यावरण मित्र बनकर पर्यावरण का संरक्षण करना है आदर्श नागरिक का आचरण अपने हेतु भी श्री सोम कांति युवा द्वारा आह्वान किया गया उनके द्वारा अपने आवाज में कहा गया कि आज सभी को संघ की विचारधारा को समझकर तथा संघ का सहयोग करने की आवश्यकता है जिससे हम और समाज के लिए मजबूत होकर समाज देसी कार्य कर सकेंगे और यही भारत को और अपने देश को मजबूत करने की आधारशिला होगी।

## नगर चंद्रपुर में दो दिवसीय शीतकालीन शिविरहुआ आयोजित



# जन भावनाओं के अनुरूप बिजुरी के विकास व उन्नयन के किए जाएंगे प्रयास-कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल

**कैलाश कुमार - सह संपादक**

अनूपपुर - सरकार नगर-नगर, घर-घर पहुंचकर शासकीय योजनाओं से पात्रता के बाद भी वंचित रह गए लोगों को हितलाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्ताशय के विचार मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने नगरपालिका बिजुरी में आयोजित विकसित भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं डूडा के परियोजना अधिकारी श्री दिलीप पाण्डेय, एसडीएम कोतमा श्री अजीत तिर्की, बिजुरी नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती शहबिन पनिका, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा, श्री भूपेन्द्र महरा, श्री हनुमान गर्ग, श्री लवकुश शुक्ला, श्री प्रेमचंद्र यादव, श्री गयाबोध मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि श्री दीपक शर्मा सहित पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी व बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिजुरी नगरपालिका क्षेत्र के लोगों के भावनाओं के अनुरूप बिजुरी के विकास और उन्नयन के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने वार्ड पार्षद घर-घर सम्पर्क कर हर पात्र व्यक्ति को शासकीय योजनाओं का लाभ आवेदन भरवाकर उन्हें दिलाने का प्रयास करें। ताकि जनसेवा का पथ पर चलने का व्रत पूरा हो सके। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण कर पात्रतानुसार लाभ दिलाने के निर्देश नगरपालिका के सीएमओ को दिए। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड तथा कृषि योजनाओं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि की जानकारी देते हुए पात्रतानुसार लाभ प्रदान करने की बात कही।

# क्या वन परिक्षेत्र बिजुरी में वाकई भ्रष्टाचार आलाधिकारी पर आरोप सवाल को हैं जन्म देते

**अमित कुमार बैस**

अनूपपुर। मध्यप्नदेश वन विभाग का वन वृत्त संभाग शहडोल इसके अंतर्गत वनमंड़ल अनूपपुर का वन परिक्षेत्र बिजुरी गत बीते वर्ष से सुर्खियो में नजर आ रहा? वहीं यहाँ के वनमंड़लाधिकारी पर रेंजर को प्नताड़ना किए जाने का मामला अखबारो के सुर्खियो पर अक्सर दिखाई पड़ रहा? जिसे लेकर प्नश्न उठता है कि आखिर रेंजरो को ऐसी क्या जरूरत आन पड़ी कि उन्हें अपने ही विभाग के आलाधिकारी के विरुद्ध मानसिक प्नताड़ना किए जाने का आरोप लगा सीसीएफ के पास ज्ञापन पत्र सौंप अखबारों के माध्यम से चारो ओर सुर्खियो में लाना विवश होना पड़ा? अब तलक इस वनमंड़ल के समस्त रेंजरो ने मिलकर आवाज उठाई रही, किन्तु अब वन परिक्षेत्र बिजुरी रेंजर द्वारा ही प्रताड़ित किए जाने की बात मुख्य रुप से अखबारों में देखने को समक्ष आ रहा?




देखा जाए तो शासन के प्नत्येक विभाग के कर्मचारियों को अपनी डियुटी करनी होती है और शायद अगर कोई भी ईमानदारी से करे तब कहीं कोई दिक्कत किसी भी कर्मचारी को नहीं हो सकती? लेकिन एक तौर पर यह समझने वाला विषय है कि आखिर वन परिक्षेत्र बिजुरी में चल क्या रहा, जिसे लेकर अब तलक वनमंड़लाधिकारी अनूपपुर का कथन किसी अखबारों में कोई या किन्हीं विषयों को लेकर चर्चा में आते नहीं दिखा? वनमंड़लाधिकारी साहब की अचानक नजर यहाँ क्यों कौन सा मामला लगा हाथ जिस वजह से अखबारो के पन्नो में बने सुर्खियां सोचनीय विषय यह है कि बिजुरी रेंजर द्वारा किन विषयों को लेकर डीएफओ अनूपपुर पर प्नताड़ित किए जाने का आरोप लगाया जा रहा? जबकि देखा जाए तो वनमंड़ल अनूपपुर से बिजुरी की दूरी लगभग 70 किमी. होगी फिर वनमंड़लाधिकारी साहब की नजर यहाँ क्यों! वनमंड़लाधिकारी एक जिम्मेदार व जवाबदेह पद होता है जो शायद शासन ऐसे ही किसी को नियुक्त नहीं कर देता और श्री प्नजापति की बात करें तो इन्होने इस मुकाम को नीचे सीढ़ियो के सहारे इस पद तक पहुँच पाए हैं जिसके लिए मिली जानकारी अनुसार इनके द्वारा काफी परिश्रम भी किया गया है? और ऐसे जानकार अनुभवशील अधिकारी पर आरोप लगना कई तरह के सवालो को जन्म देने जैसा है कि आखिर में वन परिक्षेत्र बिजुरी में कौन सी संजीवनी बूटी है जिसकी जानकारी छिपाने या यहाँ से अन्यत्र जगह जाने भय में वन परिक्षेत्राधिकारी आरोपों की झड़ी लगाने में तुली हैं? कौन सी परत खुलने का सताने लगा भय जो वनमंड़लाधिकारी पर उठने लगे सवाल क्या मामले को देखते हुए उच्चस्तरीय आलाधिकारियो को आने की है जरुरत आपको बता दें कि वन परिक्षेत्र बिजुरी जिले व प्नदेश के अंतिम छोर मे होने के साथ साथ सीमावर्ती क्षेत्र छत्तीसगढ़ से भी जुड़ा है इसके अलावा यह एक बड़ा वन परिक्षेत्र है।

# स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में आयोजित युवा दिवस ओर सूर्यनमस्कर

**सुल्तानपुर संवाददाता हेमंत शाक्य**







एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला उड़दमऊ में 12 जनवरी 2024 को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर युवा दिवस मनाया, जिसमें समस्त शिक्षक /शिक्षिकाओं और समस्त विद्यार्थियों ने सहयोग और सूर्य नमस्कार किया सूर्य नमस्कार एक सीख के रूप में भी प्रदर्शित किया गया ,जिसमें योग शारीरिक अभ्यास एवं युवाओं में चेतना का विकास होना दर्शाया गया।

# तहसीलदार को मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों ने स्थाई रोजगार की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**संवाददाता हल्केवीर**

सिलवानी। अटल बिहारी वाजपेई सुशासन एवं निति विश्लेषण संस्थान भोपाल से संचालित मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र(CMYIP ) जो कि आज प्रदेश में घर-घर पहुंच कर सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं। इनका कार्यकाल नजदीक आ चुका है, इस कार्यकाल को आगे बढ़ाने और स्थाई रोजगार की मांग को लेकर आज ब्लॉक सिलवानी में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों द्वारा ज्ञापन सौंपा।मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों ने स्थाई रोजगार के लिए राज्य मंत्री को दिया ज्ञापन।। हालांकि जन सेवा मित्रों की नियुक्ति पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई थी जो कि पूरे प्रदेश में 9000 से अधिक है, उन्होंने जन सेवा मित्रों को स्थाई करने और उनके भविष्य की चिंता को समाप्त करने की बात कही थी लेकिन अब वर्तमान में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वह जन सेवा मित्रों के भविष्य के बारे में क्या सोचते हैं यह उनका सताई जा रही है इसी चिंता को समाप्त करने के लिए मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र पूरे प्रदेश में स्थानीय विधायक को मंत्रियों को ज्ञापन सौंप रहे हैं कि उनके भविष्य की चिंता की जाए और उनका स्थाई किया जाए ताकि मध्य प्रदेश बेरोजगार प्रदेश के नाम से न जाना जाए। जनसेवा मित्रों का कार्य जमीनी स्तर पर था जिसमें लाडली बहना, मतदाताओं को जोड़ना, विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहयोग प्रदान करना आदि योजनाएं जो केंद्र और प्रदेश से संचालित होती हैं उन योजनाओं को जमीनी स्तर पर लाने के लिए जन सेवा मित्र अपना कार्य कर रहे हैं और उन्होंने किया भी है लेकिन अब प्रदेश सरकार की बारी है कि वह जन सेवा मित्रों को स्थाई रोजगार प्रदान करें। उनके भविष्य की चिंता करें।

# 'मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सोपा ज्ञापन मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों के सेवा विस्तार के लिए रखी मांग।

**संवाददाता हल्केवीर**

होशंगाबाद। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों का सेवा विस्तार व स्थाई रोजगार प्रदान करने स्थानीय विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह जी को जन सेवा मित्रों ने ज्ञापन सोपा है उन्होंने ज्ञापन में प्रदेश के मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि प्रदेश में हम 9000 से अधिक जन सेवा मित्र पूरे मध्यप्रदेश में सरकार व जनता के बीच सेतु का काम कर प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाते हैं मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों ने ज्ञापन में मांग की की हमारी इंटर्नशिप 31 जनवरी 2024 को खत्म होने वाली है लेकिन सेवा विस्तार व स्थाई रोजगार जैसी कोई लिखित सूचना हमें अभी तक प्राप्त नहीं हुई है वहीं विभिन्न माध्यमों से मौखिक सूचना प्राप्त हो रही है की इंटर्नशिप को बंद किया जा रहा है इंटर्नशिप बंद होने से प्रदेश के 9000 से अधिक युवा बेरोजगार हो जाएंगे युवाओं के समक्ष रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा उन्होंने विधायक से कहा कि हमारी बात मुख्यमंत्री जी के समक्ष रख प्रदेश के 9000 जन सेवा मित्रों का सेवा विस्तार कर स्थाई रोजगार व हमारे वेतन में इजाफा करने की कृपा करें ताकि हम जन सेवा मित्र प्रदेश के विकास में इसी तरह जन सेवा कर प्रदेश को आगे बढ़ते रहें ज्ञापन देने वालों में अजीत अहिरवार नितिन यादव,उद्देश्य यादव, रक्षा साहू,निकिता राजपूत, नितेश अहिरवार,सौरभ अहिरवार, हरिओम निमोदा, अर्जुन दायमा,अजय अहिरवार ,विजय अहिरवार,राजकुमार दायमा , चैनसुखी यादव,प्रियंका प्रजापति,सरस्वती कलम सोनम यादव उपस्थित रहे ।






विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले, महान आध्यात्मिक गुरु और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर शत् शत् नमन !

कोई कितना ही बड़ा क्यों न हो, अंधों की तरह उसके पीछे न चलो।

9 स्वामी विवेकानंद

आप सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं !

# अमेरिका में हिंदू मंदिर पर हमला !

**सिलसिलेवार**

- खालिस्तानियों ने साइन बोर्ड पर भारत विरोधी नारे लिखे; भारतीय डिप्लोमैट्स ने जांच की मांग की
- 2 हफ्ते पहले ही नेवार्क में स्वामीनारायण मंदिर पर अटैक हुआ था

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक बार फिर से हिंदू मंदिर पर हमला हुआ है। कैलिफोर्निया के हेवर्ड में मौजूद विजय शेरावाली मंदिर में खालिस्तानी समर्थकों ने भारत विरोधी बातें लिखीं। खालिस्तानियों ने मंदिर की दीवार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में भी अपशब्द लिखे हैं। साथ ही खालिस्तान जिंदाबाद जैसे नारे भी लिखे नजर आए।




हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (HAF) ने सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर भी शेयर की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लगातार हो रहे हमलों के बीच मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र में कैमरा लगाए जाने की मांग तेज हो गई है, जिससे आरोपियों की पहचान की जा सके। HAF ने बताया कि वो मंदिर प्रशासन के साथ संपर्क में हैं, और अलामेदा पुलिस डिपार्टमेंट को भी मामले की सूचना दी गई है।

यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब करीब 2 हफ्ते पहले ही नेवार्क में स्वामीनारायण मंदिर पर अटैक हुआ था। वहीं करीब 1 हफ्ते पहले इसी क्षेत्र में मौजूद दुर्गा मंदिर में चोरी का मामला सामने आया था। मंदिर के साइन बोर्ड पर भारत विरोधी नारे सामने आने के बाद सैन फ्रांसिस्को में मौजूद भारत के कॉन्सुलेट जनरल ने इसकी निंदा की है। उन्होंने कहा- हमने अमेरिकी अधिकारियों से मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की है।

इससे पहले दिसंबर में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी नेवार्क में मंदिर पर हुए हमले पर बयान दिया था। उन्होंने कहा था- मैंने ये खबर देखी है। हम इसको लेकर चिंतित हैं। भारत के बाहर के चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। हमने अमेरिकी अधिकारियों के सामने शिकायत दर्ज कराई है। हमें उम्मीद है कि मामले में सही कार्रवाई की जाएगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस मंदिर पर खालिस्तानियों ने हमला किया था, वो वॉशिंगटन डीसी से 100 किमी दूर स्थित है। हिंदू अमेरिकी फाउंडेशन ने सोशल मीडिया तस्वीरें शेयर की थीं। इनमें मंदिर की एक दीवार पर भिंडरावाले को शहीद बताया गया था।

# अमेरिका के एक स्कूल में फायरिंग, 1 बच्चे की मौत

- **5 छात्र घायल; हमले के बाद आरोपी ने खुद को भी मारी गोली**

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के आयोवा में एक स्कूल में 17 साल के बच्चे ने फायरिंग की। इस घटना में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक हमले का आरोपी भी मृत पाया गया है। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है।स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुरुवार की सुबह करीब 7:30 बजे (स्थानीय समयानुसार) यह घटना हुई। पब्लिक सेफ्टी डिविजन के अधिकारी मिच मोर्टवेट का कहना है कि पेरी स्कूल के प्रिंसिपल को भी गोली लगी है। एक पीड़ित की हालत गंभीर है, जबकि अन्य चार की हालत स्थिर है। 15 साल का जेंडर शेली हॉलवे में स्कूल का दिन शुरू होने का इंतजार कर रहा था, तभी उसने गोलियों की आवाज सुनी और कक्षा में भाग गया। उसके पिता केविन शेली के मुताबिक, सुबह 7:36 बजे उसने मुझे संदेश भेजा। तब वह कक्षा में छिपा था। 18 साल की रशेल कैरेस, सुबह 8:37 बजे जैज़ बैंड अभ्यास समाप्त कर रही थी। उसने अभी अपनी घड़ी देखी थी, जब उसने और उसके बैंडमेट्स ने चार गोलियों की आवाज सुनी।नागरिकों के बंदूक रखने के मामले में अमेरिका दुनिया में सबसे आगे है। स्विट्जरलैंड के स्मॉल आर्म्स सर्वे यानी SAS की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में मौजूद कुल 85.7 करोड़ सिविलियन गन में से अकेले अमेरिका में ही 39.3 करोड़ सिविलयन बंदूक मौजूद हैं।

# आईएस ने ली ईरान में करमान विस्फोटों की जिम्मेदारी

तेहरान,एजेंसी

आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने गुरुवार को दक्षिण-पूर्वी ईरान के करमान में दो घातक बम विस्फोटों की जिम्मेदारी ली।

ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार आईएस ने एक बयान जारी कर कहा कि उसके दो आत्मघाती हमलावरों ने दो ₹अभियानों ₹ में विस्फोटक बेल्ट का इस्तेमाल किया था।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को करमान में शीर्ष ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास हुए दोहरे बम विस्फोट में कम से कम 84 लोग मारे गए और 284 अन्य घायल हुए थे। इस घटना के समय अमेरिकी ड्रोन हमले में सुलेमानी की मौत की चौथी बरसी मनाने के लिए भारी भीड़ जुटी हुयी थी।

इससे पहले आईआरएनए ने सूत्र का हवाला देते हुए बताया था कि पहले विस्फोट के आसपास के निगरानी कैमरे के फुटेज और अन्य सबूत आत्मघाती हमले की ओर इशारा कर रहे हैं। सूत्र ने कहा कि दूसरे विस्फोट भी ₹संभवतः₹ एक आत्मघाती हमला था।

पहला धमाका कब्र से करीब 700 मीटर दूर और दूसरा एक किलोमीटर दूर हुआ था। आईआरएनए के अनुसार, राजनीतिक और सुरक्षा मामलों के लिए करमान प्रांत के डिप्टी गवर्नर रहमान जलाली ने एजेंसी को बताया कि विस्फोट ₹आतंकवादियों₹ द्वारा किए गए थे।

**मतभेद | विपक्ष कैद, हसीना समर्थक ही आपस में लड़ रहे; जीते कोई भी, सत्ता इन्हीं की**

# बांग्लादेश का चुनाव बना वन वूमन शो

ढाका, एजेंसी

सियासत के उन्मादी माहौल के लिए बदनाम बांग्लादेश के चुनाव में हिंसा की चर्चा बेशक कम है, लेकिन लोकतंत्र खामोश है। या यूं कहें कि खामोश कर दिया गया है। वजह कई हैं, लेकिन पहले बात करते हैं- सरकारी दमन की।

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और सहयोगी दलों के 28 हजार नेता-कार्यकर्ता 3 महीने में जेलों में ठूंस दिए गए हैं। बीएनपी समेत 14 पार्टियों ने यह कहते हुए चुनाव का बहिष्कार कर रखा है कि पहले केयरटेकर सरकार बने। ठीक वैसे ही, जैसे 1996 में शेख हसीना केयरटेकर सरकार न बनाने पर चुनाव से हट गई थीं। हालांकि इस बार पीएम शेख हसीना ऐसा नहीं चाहतीं।



दूसरी ओर, बीएनपी अब वोटिंग ही नहीं होने देना चाहती। लोग 7 जनवरी को वोट न डालें, इसके लिए कैंपेन चल रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि ढाका के सियासी गलियारे से यह 'ओपन सीक्रेट' बाहर आने लगा है कि चुनाव जैसा दिखने वाला यह 'चुनाव' 76 साल की पीएम हसीना का चेसबोर्ड है। यहां दोनों तरफ मोहरे भी उनके हैं।

अब समझते हैं कि यह चुनाव 'वन वुमन शो' कैसे बन गया है? कुल 300 सीटें हैं। 2018 में 290 सीटें 3 पार्टियों ने जीती थीं- अवामी लीग, बीएनपी और जातीयो पार्टी (जापा)। बीएनपी इस बार नहीं लड़ रही। सत्ताधारी अवामी लीग 298 सीटों पर लड़ रही है। उसके ही 185 नेता बतौर आजाद उम्मीदवार मैदान में हैं।

एक अवामी लीग नेता ने बताया कि 90 सीटों पर ये उम्मीदवार भारी हैं। ये खुद को हसीना का वफादार बताते हैं। ऐसे में लोग मानने लगे हैं कि जीते कोई भी, सत्ता का कंट्रोल हसीना के पास ही रहेगा क्योंकि करीब 220 सीटों पर पहले, दूसरे, तीसरे नंबर का कैंडिडेट हसीना समर्थक ही है। तीसरी पार्टी जापा की भूमिका तो और भी चौंकाने वाली है। यह पहले अवामी लीग से गठबंधन करने वाली थी। फिर 16 दिसंबर को अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया, लेकिन इसके बड़े नेता रैलियों में खुद को अवामी लीग से जुड़ा बता रहे हैं। गठबंधन न होने पर जापा के संयुक्त सचिव मुजीबुल हक चुन्नू कहते हैं, 'हमें चुनाव बाद गठबंधन में सरकार बनाने से परहेज नहीं है।'

डिप्टी सीएम अरुण साव ने किसानों से कहा-

# चिंता न करें, राजीव गांधी न्याय योजना की मिलेगी चौथी किस्त



जरहागांव। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि किसानों को मिलेगी। किसान चिंता न करें। उनको उनका वाजिब हक मिलेगा। साव मुंगेली जिले के जरहागांव में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होने जरहागांव पहुंचे थे। जरहागांव स्थित गांधी मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के बाद मीडिया से साव ने चर्चा की। यह पूछे जाने पर कि किसानों को बीते वर्ष धान बेचने के एवज में राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि नहीं मिल पाई है। विधानसभा चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के कारण राज्य सरकार ने किसानों के बैंक खाते में किस्त की राशि जमा नहीं की। सवाल उठा कि क्या भाजपा सरकार किसानों के हित में चौथी किस्त की राशि देने का निर्णय लेगी। इस पर साव ने कहा कि किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उनको उनका वाजिब हक मिलेगा।

# बाइक को बचाने अचानक रुका हाइवा, पीछे से टकराई बस, आधा दर्जन यात्री घायल



अंबिकापुर। बुधवार सुबह शहर के नमना कला रिंग रोड में पालीटेक्निक कालेज के पास तेज रफ्तार बाइक सवार अचानक डिवाइडर के बीच में घुस आया। उसे बचाने के चक्कर में विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा को चालक ने रोक दिया। इसके चलते पीछे आ रही यात्री बस हाइवा से टकरा गई। दुर्घटना में बस के सामने बैठे आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। बस अम्बिकापुर से झारखंड के गढ़वा की ओर जा रही थी। बताया जा रहा कि एक मोटरसाइकिल सवार जिला न्यायालय के पीछे वाली सड़क से तेज गति से निकल और सीधे रिंग रोड के बीचोबीच रास्ते में आ गया। मोटरसाइकिल सवार को बचाने के चक्कर में पहले हाइवा के चालक ने गाड़ी रोक दी। उसके ठीक पीछे आ रही सूरज बस अनियंत्रित होकर हाइवा से टकरा गई। बस में काफी संख्या में यात्री सवार थे। बस के टकराने के बाद सामने बैठे कई यात्री झटके से इधर-उधर गिर गए और उन्हें चेहरे, सिर और शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आई। हादसे के बाद बस का ड्राइवर और क्लीनर दोनों वहां से फरार हो गए।

# लोकसभा के लिए BJP की सात समितियां मैदान में विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने सौंपी गई जिम्मेदारी




**रायपुर (राज्य ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत के बाद अब भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों की दृष्टि से विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने के लिए सात समितियां गठित कर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने समितियों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार के कार्यों को लोगों तक पहुंचाकर लोकसभा की सभी 11 सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के जिन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को विजय प्राप्त नहीं हुई, उन स्थानों पर लोकसभा चुनाव में पार्टी की बढ़त बनाने की कार्य योजना भी तय की गई है। दरअसल, लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा संगठनात्मक तैयारियों में जुट गई है। सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की बैठक लेकर सभी लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य देकर दायित्व सौंपा जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया कि भाजपा मोर्चा-प्रकोष्ठों की बैठक में लगातार आगामी कार्ययोजना के बारे में चर्चा हो रही है। लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में अहम जिम्मेदारी सौंपकर प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ जुटने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, चुनाव सह प्रभारी डा. मनसुख मांडविया, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि लोकसभा चुनाव की दृष्टि से और नियमित रूप से जो कार्य योजना रहती है, उन्हें मंडल स्तर तक ले जाना है। बूथ कमेटियों के कार्यकर्ताओं को चुनाव की दृष्टि से मोर्चावार अलग-अलग वर्ग और समाज के बीच में जाकर कार्य करना है। लोगों के बीच में जाकर केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करेंगे।मोदी की गारंटी विकसित भारत की परिकल्पना के साकार होने की गारंटी है। प्रदेश में भाजपा सरकार का गठन होते ही पार्टी की घोषणाओं पर अमल शुरू हो गया है। जो वादा किया गया है, उसे समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

### सात समितियां और प्रभारी

**नव सदस्यता अभियान समिति:** संयोजक अजय चंद्राकर, सह संयोजक रामसेवक पैंकरा, प्रदीप गांधी व महेश गागड़ा।

**महिला स्व-सहायता समूह और गैर सरकारी संस्था संपर्क अभियान समिति:** संयोजक प्रबलप्रताप सिंह जूदेव, सह संयोजक शालिनी राजपूत, लक्ष्मी राजवाड़े, भावना बोहरा और किशोर महानंद।

**दीवार लेखन और होर्डिंग्स समिति:** संयोजक अनुराग सिंहदेव, सह संयोजक अमित साहू, विक्रांत सिंह, रितेश गुप्ता, टिकेश्वर जैन और उपकार चंद्राकर।

# नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर नजर आएगी बिलासपुर शहर की बेटी समृद्धि




**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या पीजी महाविद्यालय की छात्रा व रासेयो स्वयंसेवक समृद्धि श्रीवास्तव गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर परेड का हिस्सा होंगी। रक्षा मंत्रालय से चिट्ठी पहुंच चुकी है। कर्तव्य पथ पर झांकी के साथ देश का मान बढ़ाएंगी। वेरीफिकेशन की प्रक्रिया पूरा होने के बाद ट्रेनिंग है। बता दें कि समृद्धि के पिता का नाम महादेव प्रसाद तथा माता का नाम कविता श्रीवास्तव है। मूल रूप से सिविल लाइन धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ में निवासरत है। वह दो वर्षों से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के रूप में जुड़ी है। परेड में चयन की खबर के बाद उच्च शिक्षा जगत और स्वयंसेवकों में भारी उत्साह है। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर समृद्धि इसके पहले भी हिस्सा रह चुकी है। पूर्व में गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली 2022 में राष्ट्रीय सेवा योजना से छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इस बार भी हौसला बुलंद है। समृद्धि का कहना है कि परेड में शामिल होना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। देशभक्ति की भावना हम सभी में है। लेकिन परेड में शामिल होने से मन और भी अधिक उत्साह से भर जाता है।

# स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में जुटेंगे 300 अतिवरिष्ठ खिलाड़ी



**कोरबा।** पावरसिटी कोरबा की मेजबानी में अगले माह योनेक्स सनराइज 22वीं छत्तीसगढ़ स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन किया जाएगा। बैडमिंटन एसोसिएशन आफ इंडिया (बीएआइ) के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता नगर निगम कालोनी स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में 11 फरवरी तक होगी। बैडमिंटन का स्टेट चैंपियन बनने इस भव्य कोर्ट में प्रदेशभर से शिरकत करने वाले 300 वेटरंस प्लेयर के बीच जोर-आजमाइश होगी और धुआंधार मुकाबले देखने को मिलेंगे। इस आयोजन का दायित्व कोरबा जिला बैडमिंटन संघ को दिया गया है। बीएआइ व छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रतियोगिता के सफल और भव्य आयोजन को लेकर कोरबा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की तैयारी शुरू हो चुकी है। प्रतियोगिता में राज्य के समस्त जिलों से लगभग 300 खिलाड़ी व राज्य संघ के आफिशियल्स सम्मिलित होंगे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से फरवरी 2024 में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता अंतर्गत 35 प्लस आयु वर्ग से लेकर 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के अतिवरिष्ठ खिलाड़ियों के मध्य सिंगल्स, डबल्स और मिक्स डबल्स समेत विभिन्न ईवेंट्स में अंतरराष्ट्रीय पैमानों में उपलब्ध कोबा के एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के कोर्ट में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। उल्लेखनीय होगा कि बीते वर्ष 2023 में ही कोरबा जिला बैडमिंटन संघ द्वारा जिला प्रशासन के महत्वपूर्ण सहयोग से अंडर-15 व बंडर-17 वर्ग के बालक-बालिकाओं की बैडमिंटन प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी। बच्चों के बाद कोरबा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की पूरी टीम अब वरिष्ठ और अतिवरिष्ठ खिलाड़ियों के मध्य भव्य आयोजन की तैयारी में जुट गए हैं। इस आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार करने रविवार को कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अशोक शर्मा की उपस्थिति में एक अति आवश्यक बैठक रखी गई थी। एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में दोपहर तीन बजे हुई इस बैठक में मास्टर्स बैडमिंटन स्पर्धा के लिए पदाधिकारियों, सदस्यों के बीच विचार-मंथन के बाद कुछ अहम निर्णय लिए गए।



# मशहूर गायक राशिद खान का निधन, प्रोस्टेट कैंसर से थे पीड़ित

**मुंबई।** आओगे जब तुम साजना.. फेम उस्ताद राशिद खान का 55 साल की उम्र में निधन हो गया। लंबी बीमारी के चलते उस्ताद राशिद खान कोलकाता की एक अस्पताल में कई दिनों से भर्ती थे। राशिद प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। जानकारी के अनुसार कई दिनों से उनकी हालत गंभीर थी और आक्सीजन सपोर्ट में थे। संक्रमण पूरी तरह फैल गया था जिसके चलते मंगलवार तड़के उनका निधन हो गया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने उस्ताद के निधन पर शोक जाहिर किया है। उस्ताद राशिद खान का जन्म उत्तर प्रदेश के बदायूं में हुआ था। पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित उस्ताद राशिद रामपुर-सहसवान घराने से संबंधित हैं और घराने के संस्थापक इनायत हुसैन खान के परपोते हैं। उनकी पत्नी का नाम सोमा खान है।





# सलमान खान की सुरक्षा में बड़ी चूक, दो लोगों ने की फार्म हाउस में घुसने की कोशिश

**इंदौर।** बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही हैं। एक्टर की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। दरअसल, सलमान के फार्म हाउस पर दो अज्ञात लोगों ने जबरन घुसने की कोशिश की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों अज्ञात युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही दोनों की आईडी फर्जी बताई जा रही है। उस समय सलमान खान फार्म हाउस में थे या नहीं, इसे लेकर कोई भी जानकारी अभी तक नहीं मिली है।

## पनवेल फार्म हाउस की घुसने की कोशिश

इस खबर के बाद से ही फैंस काफी चिंता में हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा पर भी सवाल उठ रहा है। कड़ी सिक्योरिटी के बाद भी सलमान के नवी मुंबई के पनवेल में स्थित फार्म हाउस पर दो संदिग्धों ने जबरदस्ती घुसने की कोशिश की है। सुरक्षा कर्मियों ने दोनों को पकड़ लिया था, जिसके बाद पुलिस को इस बात की जानकारी दी गई। इससे पहले भी सलमान खान को जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने एक्टर-सिंगर गिप्पी ग्रेवाल के कनाडा स्थित आवास पर हमला किया है। सलमान खान के साथ गिप्पी ग्रेवाल के करीबी संबंधों के कारण यह हमला हुआ था।

# अंकिता से शादी के लिए राजी नहीं था विक्की का परिवार, बिग बॉस के घर में हुआ खुलासा





**इंदौर।** बिग बॉस 17 धीरे-धीरे अपने फिनाले की ओर पहुंच रहा है। जनवरी के आखिर में बिग बॉस 17 को अपना विनर मिल जाएगा। वहीं, हर बार की तरह इस बार भी घरवालों को अपने परिवार से मिलने का मौका मिला है। विक्की और अंकिता के साथ ही विक्की जैन की मां रंजना जैन ने खूब सुर्खियां बटोरी है। शो में एंट्री लेकर उन्होंने घरवालों के साथ खूब मस्ती की। इतना ही नहीं, उन्होंने कई घरवालों की टांग खिंचाई भी की। अब बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद विक्की जैन की मां ने अपने बेटे और बहू के रिश्ते को लेकर बात की। विक्की जैन की मां रंजना जैन ने बातचीत में कहा कि उनका परिवार दोनों की शादी के खिलाफ था। दरअसल, उनसे अंकिता के उस बयान के बारे में बात की गई, जिसमें वो विक्की से जल्दी शादी के करने के फैसले पर पछता रही हैं। इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा, ÷देखो अंकिता से शादी विक्की ने ही की है। हम लोग तो कोई सपोर्ट में नहीं थे। विक्की ने की है, अब निभाएगा भी वही, हम लोगों को कुछ लेना देना नहीं है। इतना सब देख रहे हैं, लेकिन हम लोग उसको एक बार भी कुछ नहीं कह रहे हैं। वो आएगा वो अपना रिश्ता सुधारेगा। बिगाड़े उसी ने है तो सुधरेगा वही। हमें विश्वास है कि विक्की सब कुछ कर लेगा। वो ऐसा लड़का है।


# अपने ही ससुर पर फिदा थीं नीतू कपूर, कॉफी विद करण पर खोले पर्सनल राज



**इंदौर।** सेलिब्रिटीज का चैट शो कॉफी विद करण 8 में इस बार कई बड़े सेलेब्स देखने को मिले हैं। जिन्होंने इस शो पर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कई राज खोले हैं। वहीं, अब बारी नीतू कपूर और जीनत अमान की है। जाह्नवी कपूर और खुशी कपूर के बाद हिंदी सिनेमा की दिग्गज अदाकारा नीतू कपूर और जीनत अमान, करण के शो पर गेस्ट के रूप में दिखाई देंगी। सभी जानते हैं कि ये दोनों ही अभिनेत्रियां अपने समय की सक्सेसफुल और फेमस एक्ट्रेसेस रही हैं। दोनों ने यादों की बारात, धरम वीर और हीरालाल पन्नालाल जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। हाल ही में दोनों एक्ट्रेसेस को कॉफी विद करण सीजन 8 के लेटेस्ट प्रोमो में साथ देखा गया है। करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपकमिंग एपिसोड का प्रोमो शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि नीतू और जीनत शानदार अंदाज में एंट्री लेती हैं। नीतू ने जीनत अमान को सेक्सिस की दुकान बताया। वहीं, जीनत ने नीतू की खूब तारीफ की। दोनों ने शेयर किया कि वे कई फिल्मों में साथ काम कर चुकी हैं। जीनत ने बताया कि वह पार्टी नहीं करती हैं। करण ने जीनत से उनकी डेटिंग लाइफ के बारे में पूछा, तो एक्ट्रेस ने कुछ भी कहने से साफ मना कर दिया।

# मालदीव विवाद पर अमिताभ ने किया पोस्ट, लिखा - हमारी आत्मनिर्भरता पे आँच मत डालिए

**इंदौर।** इस समय देशभर में मालदीव वर्सेज लक्षद्वीप को लेकर बहस छिड़ी हुई है। हाल ही में नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा किया है। इस दौरान की कुछ तस्वीरें उन्होंने शेयर की थी, जिसमें उन्होंने विदेश की जगह अपने ही देश में घूमने की अपील की थी। उनकी इस अपील के बाद मालदीव के लोगों ने पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणियां शुरू कर दी थी। दरअसल, उन्होंने





मालदीव की जगह लक्षद्वीप और सिंधुदुर्ग में छुट्टी बिताने की बात कही थी। आम जनता से लेकर बॉलीवुड सेलेब्स तक सभी भारत के सपोर्ट में उतरे हैं। दरअसल, अमिताभ बच्चन ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग का एक ट्वीट शेयर किया है। इसमें उन्होंने भारत के कई बीच की तस्वीरें शेयर की हैं। सहवाग ने कहा था कि भारतीय सरकार इस पूरे मामले से सबक लेते हुए भारत के टूरिज्म को थोड़े सुधार के साथ इकोनॉमी को बढ़ावा दे सकती है। अब इस पर अमिताभ बच्चन ने वीरेंद्र सहवाग की बातों पर सहमति जताते हुए कहा, वीरू पाजी, ये बहुत सही बात है और हमारी जमीन के हक में है। हमारी अपनी चीजें सबसे अच्छी हैं। मैं लक्षद्वीप और अंडमान गया हूं और वे आश्चर्यजनक रूप से सुंदर जगहें हैं। हैरान करने वाले पानी के बीच अंडरवाटर एक्सपीरियंस का अनुभव बिल्कुल अविश्वसनीय है। हम भारत हैं, हम आत्मनिर्भर हैं, हमारी आत्मनिर्भरता पर आंच मत डालिए। जय हिंद।

# क्रेडिट कार्ड में बदलाव से ना हों परेशान

**नई दिल्ली।** आज कल बड़ी संख्या में लोगों ने क्रेडिट कार्ड यूज करना शुरू कर दिया है। क्रेडिट कार्ड से लोगों को कई तरह का लाभ मिलता है। आप जब क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करते हैं, तो आपको कैशबैक के साथ कुछ रिवॉर्ड प्वाइंट भी मिलते हैं। आपको अगर जानकारी मिले कि आपकी बैंक ने क्रेडिट कार्ड के फीचर में कुछ बदलाव कर दिया है, तो आपको हम बताएंगे कि क्या करना है। सबसे पहले यूजर्स को नए क्रेडिट कार्ड और पुराने क्रेडिट के बीच तुलना करनी चाहिए। आप यह देखें कि आपको जो नए फीचर्स बैंक की तरफ से मिले हैं उसके क्या फायदे हैं। आपके तुलना करने के बाद आपको लगता है कि बैंक के नए फीचर्स ज्यादा फायदेमंद हैं, तो ही उसे एक्ससेप्ट करें। इसके अलावा आप कंपनी की तरफ से होने वाली घोषणा का भी इंतजार कर सकते हैं।

**क्रेडिट कार्ड चेंज करने से पहले जानें नियम:** आप जब क्रेडिट कार्ड खरीदते हैं, तब आप उसके फीचर्स को देखते हैं। फिर आपको पचा चले कि बैंक ने क्रेडिट कार्ड के फीचर्स में बदलाव कर दिया है, तो आप क्रेडिट कार्ड को चेंज करने के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। आपको मौजूदा कार्ड से बेहतर कोई क्रेडिट कार्ड मिल जाता है, तो आराम से उसे बदल भी सकते हैं। आप कोई नया क्रेडिट कार्ड लें, तो उससे जुड़े नियम व शर्तो को अच्छे से जान लें, जिससे आपको भविष्य में कोई नुकसान नहीं होगा।




## रिवार्ड पॉइंट को करें ट्रांसफर

आपके लिए सबसे जरूरी होगा कि आपके पुराने क्रेडिट कार्ड में कुछ रिवार्ड पॉइंट होंगे। आप उन रिवार्ड पॉइंट को नए क्रेडिट कार्ड में ट्रांसफर करवा सकते हैं। फिर भी अगर रिवार्ड पॉइंट ट्रांसफर नहीं होते हैं, तो उसको रिडीम कर लें।

# सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट जारी, पढ़ें 24 कैरेट गोल्ड के भाव



नई दिल्ली। बिजनेस भारतीय सर्राफा बाजार में 5 जनवरी 2024 को सोने के भाव में कमी देखने को मिली है। सोने का भाव 62540 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 4 दिसंबर 2023 को सोने के शाम के भाव की तुलना में 234 रुपये की कमी आई है। चांदी के भाव में भी कमी देखने को मिली है। चांदी का भाव 71550 रुपये प्रति किलो हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 4 जनवरी से 229 रुपये की गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 4 जनवरी की शाम को 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 62774 रुपये थी। 5 जनवरी की सुबह को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 62540 रुपये हो गई है। इसी तरह 4 जनवरी की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 71779 रुपये थी। 5 जनवरी की सुबह को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 71550 रुपये हो गई।

## जानिए क्या हैं भाव

5 जनवरी को 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 62290 रुपये हो गई है। 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत 57287 रुपये हो गई है। 750 शुद्धता वाले सोने की कीमत 46905 रुपये हो गई है। 585 शुद्धता वाले सोने की कीमत 36586 रुपये हो गई है।

# रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए, अब तक का सबसे बड़ा बजट



नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश कर रही हैं। बजट में रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। यह रेलवे के लिए अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। उम्मीद की जा रही है कि बजट के आगे आने वाले हिस्से में रेल सेवा से जुड़ी घोषणाएं भी की जाएंगी। देश की नजर वंदे भारत एक्सप्रेस की घोषणाओं पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के दिनों में कुछ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है। यह सिलसिला अगले एक साल तक जारी रहेगा। मध्य प्रदेश का ग्वालियर भी उन शहरों में शामिल हैं जहां वंदे भारत एक्सप्रेस का इंतजार हो रहा है। केंद्रीय बजट 2022 में गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। जानकारों के मुताबिक, संभावना है कि इस वर्ष के बजट में भी यही सरकार की प्राथमिकता बनी रहेगी। इस वर्ष रेलवे को बड़ी धनराशि आवंटित की जाएगी, जिसका उपयोग नई पटरियां बिछाने, सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, हाइड्रोजन-संचालित ट्रेनों के साथ-साथ अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना को पूरा करने में होगा।

# रिटायरमेंट तक आपको मालामाल बना सकती है PPF योजना, जानें कितना और कैसे करें निवेश

**नई दिल्ली।** अगर आप लंबी अवधि के लिए निवेश करना चाहते हैं और अपना भविष्य सुरक्षित करना चाहते हैं, तो पब्लिक प्रोविडेंट फंड में निवेश काफी बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। यह एक लंबी अवधि वाली निवेश योजना है, जिसमें काफी बेहतर इंटरेस्ट रेट के साथ साथ टैक्स सेविंग का बेनिफिट भी मिलता है। अगर आप रिटायरमेंट के लिहाज से किसी निवेश का प्लानकर रहे हैं, तो इस योजना के बारे में सोच सकते हैं। पब्लिक प्रोविडेंट फंड (PPF) काफी लोकप्रिय निवेश योजना है। इसमें आपको शानदार इंटरेस्ट रेट के साथ टैक्स सेविंग का बेनिफिट भी मिलता है। साथ ही इस योजना में हर साल डिपॉजिट पर टैक्स क्लेम करने का ऑप्शन भी रहता है। वहीं सालाना मिलनेवाले ब्याज पर आपको कोई टैक्स नहीं देना होता है। आखिर में सबसे बड़ा फायदा ये है कि अकाउंट के मेच्योर होने बाद भी पूरी रकम टैक्स फ्री रहती है। इस योजना के तहत कोई भी भारतीय नागरिक निवेश कर सकता है। इसके तहत किसी भी बैंक या पोस्ट ऑफिस में सालाना कम से कम 500 रुपये और अधिकतम 1,50,000 रुपये का निवेश किया जा सकता है। योजना के तहत मेच्योरिटी पीरियड 15 सालों का है। इस पर मिलनेवाले ब्याज को साल या तिमाही के आधार पर क्लेम किया जा सकता है। फिलहाल पीपीएफ पर 7.1 फीसदी के हिसाब से ब्याज मिल रहा है।




बन सकते हैं करोड़पति

# दुकानदार सिक्के लेने से करे इंकार तो यहां करें शिकायत, दर्ज हो सकता है राजद्रोह का मुकदमा

**ग्वालियर।** आए दिन बाजार में देखा जाता है कि दुकानदार खुल्ले सिक्के लेने में आनाकानी करते हैं। कभी खुल्ले सिक्के लेते नहीं है तो कभी देते नहीं हैं। कई बार ऐसा होता है कि कुछ व्यापारियों द्वारा सिक्के न लिए जाने से उपभोक्ता खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। जब ऐतराज जताते हैं तो व्यापारी कहते हैं कि बड़े व्यापारी सिक्के नहीं ले रहे हैं। यह खेल पूरे बाजार में जमकर चलता है लेकिन असल मायने में यह कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है। इस मामले में और अधिक रोशनी डालते हुए अधिवक्ता एस एस गौतम बताते हैं कि जब तक भारतीय रिजर्व बैंक(आरबीआई) किसी भी सिक्के को चलाना बंद नहीं करती है तब तक सिक्के न लेना कानूनन अपराध माना जाता है फिर चाहे सिक्का 1 रुपये का हो, 2 रुपये, पांच रुपये या फिर दस रुपए का हो। अगर कोई इन सिक्को को लेने से इंकार कर रहा है तो उस पर राजद्रोह का मामला दर्ज कराया जा सकता है।



**ऐसे कर सकते हैं शिकायत**

गौतम बताते हैं कि अगर कोई व्यक्ति आपसे कोई भी सिक्का लेने से मना करता है तो आप रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट https://rbi.org.in/ पर जाकर शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा आधिकारिक ट्विटर हैंडल या फेसबुक पेज पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वहीं प्राथमिक रूप से जिलाधिकारी और स्थानीय पुलिस थाने में भी शिकायती आवेदन दिया जा सकता है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)